# आयुर्वेद रोग से बचाव की जीवन पद्धतिः डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने कहा- शीघ्र ही इंटर्न चिकित्सकों को शुभ समाचार मिलेगा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आयुर्वेद केवल रोग के उपचार की पद्धति नहीं, बल्कि रोग से बचाव की जीवन पद्धति भी है। आहार-विचार और व्यवहार में संतुलन स्वस्थ जीवन का आधार है। भारतीय संस्कृति और जीवनशैली में आयुर्वेद सदियों से समाहित है।

मुख्यमंत्री बुधवार को 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि भारतीय योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को विश्व में नई पहचान मिली है। कोरोना काल में योग, प्राणायाम और आयुर्वेद ने अपनी सामर्थ्य सिद्ध की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 तक आयुष का बाजार लगभग 3 अरब डॉलर था, जो अब बढ़कर 43 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आयुर्वेद को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश में नौ नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2002-03 की तुलना में आयुष विभाग के बजट में 16 गुना वृद्धि की गई है। प्रमुख पर्यटन स्थलों पर 12 आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र भी खोले जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आयुर्वेद दिवस के अवसर पर 184 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 25 आयुष भवनों, अस्पतालों और महाविद्यालयों की सौगात दी गई। इनमें 4 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से बने 12 आयुष भवनों का लोकार्पण और 179 करोड़ रुपये की लागत से 13 आयुष भवन, चिकित्सालय एवं आयुर्वेद महाविद्यालयों की आधारशिला शामिल है। डिंडौरी में 102 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित आयुर्वेद महाविद्यालय का शुभारंभ भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने आयुष इंटर्न चिकित्सकों के स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग पर कहा कि इस विषय में आयुष मंत्री से चर्चा के बाद समुचित निर्देश दिए जा चुके हैं। शीघ्र ही इंटर्न चिकित्सकों को शुभ समाचार मिलेगा। उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश में नौ आयुष महाविद्यालय संचालित हैं और आठ नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय निर्माणाधीन हैं। प्रदेश में 1,773 आयुर्वेदिक औषधालय, 800 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 58 आयुष विंग संचालित हैं।

# सांकेतिक भाषा दिव्यांगजनों की शिक्षा, रोजगार और सामाजिक भागीदारी का आधार : कुशवाह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि सांकेतिक भाषा दिव्यांगजनों के लिए केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि उनकी शिक्षा, रोजगार, अधिकार और सामाजिक भागीदारी का महत्वपूर्ण आधार है। कई बार संवाद की बाधा व्यक्ति में नहीं, बल्कि संचार की पहुंच में होती है। ऐसे में संवाद के माध्यम को सुलभ बनाना आवश्यक है। मंत्री अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

श्री कुशवाह ने कहा कि सांकेतिक भाषा समानता और समावेशन का उदाहरण है। इसके माध्यम से दिव्यांगजन समाज से बेहतर तरीके से जुड़ सकते हैं। प्रदेश के दिव्यांग बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा एवं हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है।

मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार महत्वपूर्ण हैं। आवश्यक योग्यताएं प्राप्त करने के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है। निजी संस्थानों में साक्षात्कार और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि दिव्यांगजनों की प्रतिभा और हुनर को उचित अवसर मिले तथा संवाद और संचार की बाधाएं उनके विकास में बाधक न बनें। श्री कुशवाह ने घोषणा की कि सामाजिक न्याय भवन को अब 'सशक्तीकरण भवन' के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नाम दिव्यांगजनों सहित समाज के जरूरतमंद वर्गों को सशक्त बनाने के संकल्प को दर्शाता है।

# बारिश का नया दौर, 26 सितंबर तक तेज वर्षा के आसार

- प्रदेश के 26 जिलों में बरसा पानी
- शहडोल के गोहपारू में सबसे अधिक 2 इंच बारिश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश के 26 जिलों में बारिश दर्ज की गई। शहडोल जिले के गोहपारू क्षेत्र में सबसे अधिक 2 इंच बारिश रिकॉर्ड हुई। वहीं राजधानी में बुधवार सुबह अचानक तेज बारिश हुई, जो करीब पांच मिनट बाद बंद हो गई।

प्रदेश में अब तक कुल 34.2 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। सामान्य बारिश का आंकड़ा 36.5 इंच है। इस हिसाब से प्रदेश में अब तक करीब 2.3 इंच कम बारिश हुई है। बारिश का आंकड़ा सामान्य से 6 प्रतिशत नीचे बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बना अवदाब मजबूत हो रहा है। इसके असर से 26 सितंबर तक प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश होने की संभावना है। 25 और 26 सितंबर को कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने बुधवार को छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया था। इसके अलावा भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा, इंदौर, धार, उज्जैन, खंडवा, खरगोन सहित कई जिलों में हल्की से तेज बारिश होने की संभावना जताई थी। भोपाल में बुधवार सुबह करीब 11.20 बजे तेज बारिश हुई। एमपी नगर, अरेरा हिल्स, तुलसी नगर, होशंगाबाद रोड और 10 नंबर मार्केट सहित कई क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई। कुछ देर बाद मौसम साफ हुआ और धूप निकल आई। पूरे दिन छुटपुट वर्षा का दौर जारी रहा। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी और अन्य मौसमी परिस्थितियों के कारण प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं। अब तक पूर्वी मध्य प्रदेश में सामान्य से 2 प्रतिशत और पश्चिमी हिस्से में 10 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

# व्यापारियों का 'नो-यूपीआई डे', नहीं लिया दो हजार से अधिक का यूपीआई भुगतान



15 अक्टूबर से प्रस्तावित एमडीआर शुल्क के विरोध में भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में प्रदर्शन; उज्जैन में सामान्य रहा लेनदेन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में प्रस्तावित यूपीआई शुल्क के विरोध में बुधवार को व्यापारियों ने 'नो-यूपीआई डे' मनाया। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर समेत कई शहरों में व्यापारियों ने 2 हजार रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान लेने से इनकार किया। दुकानों के क्यूआर स्कैनर और साउंड बॉक्स पर काला कपड़ा बांधकर विरोध जताया गया। भोपाल चेंबर के प्रवक्ता अजय देवनानी ने यूपीआई पर प्रस्तावित शुल्क का विरोध किया। भोपाल के सराफा कारोबारियों ने आशंका जताई कि शुल्क का असर वस्तुओं की कीमतों पर पड़ सकता है। थोक किराना कारोबारियों ने कहा कि अतिरिक्त लागत आने पर व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

भोपाल के सराफा बाजार में 2 हजार रुपये से अधिक का भुगतान यूपीआई से नहीं लिए जाने के कारण सोने की अंगूठी खरीदने पहुंचे एक ग्राहक को बिना खरीदारी लौटना पड़ा। इंदौर में टाइल्स एंड सैनिटरी वेयर ट्रेडर्स एसोसिएशन ने रीगल स्क्वायर पर प्रदर्शन किया। इसमें 150 से अधिक व्यापारी शामिल हुए। ग्वालियर में व्यापारियों ने यूपीआई से भुगतान लेना और करना बंद रखा तथा क्यूआर कोड पर काली पट्टी लगाई। जबलपुर में विभिन्न संगठनों ने पर्चे बांटकर अभियान का समर्थन मांगा।

हालांकि उज्जैन में इसका असर नहीं दिखा। यहां व्यापारी संगठनों और पेट्रोल पंप व्यवसाय संघ ने विरोध से इनकार किया और यूपीआई से सामान्य लेनदेन जारी रहा। 15 अक्टूबर से 2 हजार रुपये से अधिक के चुनिंदा व्यक्ति-से-व्यापारी यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट लागू होना है। 75 हजार रुपये या उससे अधिक के लेनदेन पर यह शुल्क अधिकतम 300 रुपये तक सीमित रहेगा। ग्राहक से यह शुल्क लेने का प्रावधान नहीं है। व्यापारियों का कहना है कि प्रस्तावित शुल्क से कारोबार की लागत बढ़ सकती है। वहीं नए ढांचे के तहत 2 हजार रुपये तक के भुगतान पर एमडीआर लागू नहीं होगा।

# स्कूल शिक्षा विभाग में 618 अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी

- संभागों में 587 और लोक शिक्षण संचालनालय में 31 पदों पर सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के लंबित मामलों की समीक्षा से पहले स्कूल शिक्षा विभाग ने 618 पात्र आवेदकों को नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। इनमें प्रदेश के अलग-अलग संभागों में रिक्त 587 और लोक शिक्षण संचालनालय में रिक्त 31 पद शामिल हैं। सभी नियुक्तियां सहायक ग्रेड-3 के पद पर की गई हैं। यह प्रक्रिया 22 और 23 सितंबर के बीच पूरी की गई। नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद संबंधित अभ्यर्थियों को जल्द से जल्द कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेशभर में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित मामलों की समीक्षा करने वाले हैं। इससे पहले आयुक्त लोक शिक्षण अभिषेक सिंह ने विभाग के संयुक्त संचालकों को भोपाल बुलाकर संभागवार रिक्त पदों की जानकारी ली। इसमें वे पद भी शामिल थे, जो सहायक ग्रेड-3 के कर्मचारियों के सहायक ग्रेड-2 पद पर पदोन्नत होने के बाद रिक्त हुए थे।

प्रदेशभर के संभागों में 587 और लोक शिक्षण संचालनालय में 31 पद रिक्त मिले। इसके बाद आयुक्त ने संयुक्त संचालकों को निर्देश दिए कि इन पदों पर लंबे समय से लंबित अनुकंपा नियुक्ति के आवेदनों की पात्रता की जांच कर नियुक्ति आदेश जारी किए जाएं।

22 सितंबर को ही नियुक्ति आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद मंगलवार शाम से देर रात तक दस्तावेजों की जांच और नियुक्ति आदेश जारी करने की प्रक्रिया चलती रही। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद 618 पात्र आवेदकों को सहायक ग्रेड-3 के पद पर अनुकंपा नियुक्ति देने के आदेश जारी किए गए। इनमें लंबे समय से नियुक्ति का इंतजार कर रहे दिवंगत कर्मचारियों के परिजन शामिल हैं।

# सेवा संकल्प अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाएंः अजय जामवाल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने बुधवार को शिवपुरी में 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर आयोजित ग्वालियर संभाग की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा और जनभागीदारी से जोड़ने का प्रयास किया जाए।

अजय जामवाल ने कहा कि सभी कार्यक्रमों में समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्यकर्ता आपसी समन्वय और प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है और कार्यकर्ताओं को जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखते हुए उनकी आवश्यकताओं को समझना चाहिए। उन्होंने 'सेवा संकल्प यात्रा' को अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता यात्राओं को ऐतिहासिक और जनभागीदारी का माध्यम बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटें। उन्होंने लाभार्थी परिवारों से संपर्क बनाए रखने और उनकी समस्याओं के समाधान में सहयोग करने की बात कही।

बैठक में उन्होंने अंत्योदय, सामाजिक समरसता और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को साकार करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही पुराने कार्यकर्ताओं के अनुभव और युवाओं को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर रावत, शैलेंद्र बरुआ, सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर, सांसद भारत सिंह कुशवाह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कृषि विभाग के दो अधिकारियों पर रिश्वत मामले में कार्रवाई

- सब्सिडी जारी करने के बदले राशि मांगने की शिकायत पर विपणन अधिकारी निलंबित

**नप्र, भोपाल :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि विभाग में रिश्वतखोरी की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए दो और अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। वेयरहाउस संचालकों से सब्सिडी की राशि जारी करने के बदले रिश्वत मांगने की शिकायत के बाद विपणन अधिकारी नीरज वर्मा और संदीप दीदावत को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

जानकारी के अनुसार भोपाल में पदस्थ विपणन अधिकारी नीरज वर्मा पर सीहोर जिले के वेयरहाउस संचालकों से सब्सिडी की राशि जारी करने के बदले 50 हजार रुपये मांगने का आरोप है। वहीं फरीदाबाद में पदस्थ विपणन अधिकारी संदीप दीदावत पर रायसेन स्थित प्रकाश वेयरहाउस के संचालक से निरीक्षण के दौरान 60 हजार रुपये मांगने की शिकायत मिली थी। शिकायत मिलने के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मंत्रालय के अधिकारियों को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच के बाद दोनों अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई। कृषि मंत्रालय ने कहा है कि किसानों और वेयरहाउस संचालकों से जुड़ी सरकारी प्रक्रियाओं में अनियमितता या रिश्वत संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। इससे पहले भी वेयरहाउस संचालक से सब्सिडी जारी करने के बदले रिश्वत मांगने के मामले में विपणन अधिकारी अनुराग को निलंबित किया गया था। दो दिन में रिश्वतखोरी के मामलों में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

# मां तुझे प्रणाम योजना से विरासत से जुड़ेंगे युवा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने बुधवार को टीटी नगर स्टेडियम में मां तुझे प्रणाम योजना के तहत ग्वालियर, अशोकनगर और दतिया से आए युवाओं से संवाद किया। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के भ्रमण के लिए रवाना किया।

श्री सारंग ने कहा कि योजना के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को छह जोन में विभिन्न ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है। इनमें मालवा, भोपाल, ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड, बघेलखंड और महाकौशल क्षेत्र शामिल हैं। भोपाल जोन में सांची, उदयगिरि, भोजपुर, रातापानी, मानव संग्रहालय, शौर्य स्मारक, भीमबेटका, मढ़ई और पचमढ़ी जैसे स्थल शामिल हैं। ग्वालियर-चंबल जोन में ग्वालियर दुर्ग, दतिया, चंदेरी, कूनो राष्ट्रीय उद्यान और माधव राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कराया जाएगा। अन्य जोन में भी प्रमुख ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थल शामिल किए गए हैं। युवाओं का भ्रमण तीन दिवसीय होगा। इस दौरान उन्हें पर्यटन स्थलों के साथ वन विभाग की साहसिक गतिविधियों से भी परिचित कराया जाएगा। योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड से 10 प्रतिभाशाली युवाओं का चयन किया जाता है। इनमें राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, खिलाड़ी, मेधावी विद्यार्थी तथा स्काउट और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े युवा शामिल होते हैं।

# बंडा में मादक पदार्थ सेवन से मौत मामले की न्यायिक जांच होगी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सागर जिले की बंडा तहसील क्षेत्र में मादक पदार्थ के सेवन से हुई मृत्यु के मामले की न्यायिक जांच के लिए राज्य शासन ने एकल सदस्यीय जांच आयोग गठित किया है। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति विष्णु प्रताप सिंह चौहान को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति संबंधी अधिसूचना का प्रकाशन मध्यप्रदेश राजपत्र असाधारण में 12 सितंबर को किया गया था।

आयोग मादक पदार्थ के सेवन से हुई मृत्यु और अस्वस्थता की घटनाओं के कारणों, स्वरूप और संबंधित परिस्थितियों का तथ्यात्मक परीक्षण करेगा। इसके अलावा संबंधित क्षेत्र के आबकारी अधिकारियों, पुलिस तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा निर्धारित दायित्वों के निर्वहन की स्थिति की भी जांच की जाएगी।

आयोग भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी नियंत्रण और निगरानी के आवश्यक उपायों की अनुशंसा भी करेगा। आयोग का मुख्यालय सागर में रहेगा। राज्य शासन की ओर से नियुक्त आयोग को मध्यप्रदेश राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीन महीने के भीतर जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को प्रस्तुत करनी होगी।

# अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा की पांच साल की सजा बरकरार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नर्मदापुरम जिला एवं सत्र न्यायालय ने मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स द्वारा गिरफ्तार किए गए बाघ के अवैध शिकार और उसकी हड्डियों की अंतरराष्ट्रीय तस्करी के आरोपी ताशी शेरपा की अपील खारिज कर दी है। न्यायालय ने 17 सितंबर 2026 को सुनाए निर्णय में ताशी शेरपा को पांच वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा बरकरार रखी।

जुलाई 2015 में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम में बाघ के अवैध शिकार और उसकी हड्डियों की चीन में अवैध तस्करी की शिकायतों के बाद मामले की जांच मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स को सौंपी गई थी। लंबे समय से फरार चल रहे ताशी शेरपा को टीम ने लगातार प्रयासों के बाद 23 जनवरी 2024 को अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप पानी टंकी, सिलीगुड़ी से गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से फर्जी भारतीय दस्तावेज, विदेशी मुद्रा, नेपाली-भूटानी मुद्रा और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए थे।

**समीक्षा** *स्वास्थ्य अधोसंरचना निर्माण में तेजी लाएं...*

# उपकरण और मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करें : शुक्ल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति और पूर्ण हो चुके कार्यों के लोकार्पण की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सतत और सघन निगरानी के निर्देश दिए।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थाओं के भवन निर्माण का कार्य पूर्ण होने के बाद उनके संचालन में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। निर्माण कार्य पूरा होने के साथ ही आवश्यक उपकरण और फर्नीचर की उपलब्धता तथा मानव संसाधन की पदस्थापना की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, ताकि स्वास्थ्य संस्थाओं का संचालन तत्काल शुरू किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण एजेंसियों, अस्पताल प्रशासन और संबंधित विभागीय एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर निर्माण, उपकरण, फर्नीचर और मानव संसाधन से संबंधित सभी कार्यों की एकीकृत रूप से निगरानी की जाए।

निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। शुक्ल ने कहा कि पूर्व निर्धारित लक्ष्य की तुलना में वर्तमान में कम संस्थाएं लोकार्पण के लिए तैयार हो पाई हैं। प्रगति में कमी के कारणों की विस्तृत समीक्षा कर निर्माण कार्यों में गति लाई जाए। विलंब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी भी निर्धारित की जाए।

बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा आयुक्त धनराजू एस., भवन विकास निगम के प्रबंध संचालक सिबी चक्रवर्ती, मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक अवि प्रसाद सहित उपस्थित रहे।

# एशियन गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एशियन गेम्स 2026 में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ी लगातार पदक जीतकर देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। खिलाड़ियों के समर्पण और टीम वर्क ने देश का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और मजबूत संकल्प ने देश का मान बढ़ाया है।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com